Naidunia (Indore), 19th March 2026, Naidunia City, Page – IV

आइआइटी में विभिन्न स्पर्धाओं में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

आइआइटी इंदौर में सफल प्रतिभागियों के साथ अतिथि और अधिकारी। ●सौजन्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः इंडियन इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी इंदौर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सप्ताहभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतिम दिन बुधवार को सांस्कृतिक संध्या रखी गई। ये सभी कार्यक्रम महिलाओं की उपलब्धियों, योगदान और सशक्तीकरण को समर्पित रहे।

सप्ताहभर चले कार्यक्रमों में शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां रखी गईं। इनका उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी और आत्मविश्वास को बढ़ाना था। महिलाओं के लिए विशेष बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई।

उत्साह और खेल भावना को दर्शाने का मौका मिला। समापन समारोह की शुरुआत खेल प्रतियोगिता के विजेताओं के सम्मान से हुई। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। 'महिला की शक्ति, भावना एवं गरिमा' विषय पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावुक और प्रेरित किया।

डा. रागिनी मक्कड़ ने अष्ट लक्ष्मी नामक शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से देवी लक्ष्मी के आठ रूपों को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। वहीं यश कुमार ने 'रासी' मोनो एक्ट के जरिए पिता-बेटी के रिश्ते की भावनात्मक कहानी दिखाई। ध्वनिल नाट्य संस्था ने अहिल्या नाटक के माध्यम से अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायक जीवन को मंच पर जीवंत किया। समापन द नड्र्स समूह के देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य सिंदूर के साथ हुआ। निदेशक सुहास जोशी ने कहा कि आइआइटी इंदौर महिलाओं के लिए समावेशी और सहयोगी वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साही भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया।